उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## सोमवार, 22 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1939

( दिनांक : 12 जून, 2017 )

समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी ''**क**'')

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी ''**ख**'')

3. निधन के निदेश।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य, विधान सभा ''टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र घनसाली के अन्तर्गत सिंचाई नहरों चमियाला, कोठियाड़ा,बासर सिल्यारा,मल्याकोट नैलचामी, चामा, श्रीकोटगांव, महरगढ़, भिलंग आदि क्षतिग्रस्त नहरों के मरम्मत के सम्बन्ध में'' श्री आनन्द सिंह बिष्ट, ग्राम– पुण्डोली नैलचामी पो0– मल्ला, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य विधान सभा ''टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र घनसाली के अन्तर्गत नवसृजित तहसील बालगंगा में अधिकारियों/कर्मचारियों की तैनाती के सम्बन्ध में'' श्री धूमसिंह जखेड़ी ग्राम–धनूसाणी पो० कफालगांव टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य विधान सभा ''उत्तराखड पेयजल निगम एवं जल संस्थान को केन्द्र पोषित योजना एन०आर०डी०डब्लू०पी० के तहत धनराशि को बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में'' श्री केदार बर्त्वाल ग्राम– गंवाणा मल्ला पो०–घुतू भिलंग टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य, विधान सभा ''जनपद टिहरी गढ़वाल में टिहरी बांध से प्रभावित ग्राम पिलखी, बौंर, पिपोला, असेना, देवल, चाकरूसेरा आदि के विस्थापन के सम्बन्ध में'' श्री केदार बर्त्वाल ग्राम– गंवाणा मल्ला पो०–घुतू भिलंग टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य विधान सभा ''जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र घनसाली के अन्तर्गत विकासखंड भिलंगना का पुर्नगठन कर पृथक बालगंगा विकासखण्ड सृजन के सम्बन्ध में'' श्री धूमसिंह जखेड़ी, ग्राम– धनसाणी टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

11. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

12. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

13. पेयजल मंत्री, उत्तराखण्ड भूगर्भ जल (विकास एवं प्रबन्धन का विनियमन एवं नियन्त्रण) (निरसन) विधेयक, 2017 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

14. पेयजल मंत्री, उत्तराखण्ड भूगर्भ जल (विकास एवं प्रबन्धन का विनियमन एवं नियन्त्रण) (निरसन) विधेयक, 2017को पुरःस्थापित करेंगे।

15. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम–315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्यमंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी–''**ग**'')

16. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

17. संसदीय कार्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) (संशोधन) विधेयक, 2017 पर विचार किया जाय। **(10 मिनट)**

18. संसदीय कार्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) (संशोधन) विधेयक, 2017 पारित किया जाय।

19. वित्त मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2017 पर विचार किया जाय। **(10 मिनट)**

20. वित्त मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2017 पारित किया जाय।

21. वित्तीय वर्ष 2017–2018 के आय–व्ययक पर सामान्य चर्चा।

22. नियम–105 के अन्तर्गत श्री सुरेन्द सिंह जीना, सदस्य, विधान सभा द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरणः–

''गंगा नदी के जल की स्वच्छता अभियान की भांति प्रदेश की सभी नदियों का स्वच्छता अभियान स्वीकृत किया जाय, एवं नदियों में निरन्तर प्रवाह बनाये रखने के लिए नदियों को आपस में जोड़ा जाय।''

23. नियम–54 के अन्तर्गत श्री सुरेन्द सिंह जीना, सदस्य, विधान सभा द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरणः–

''प्रदेश में विशेषतः उत्तर प्रदेश की भांति किसानों का ऋण माँफ कर दिया जाय।''

24. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

25. राज्य के विभिन्न नगरों में नजूल भूमि व कृषि कार्य वाली भूमि पर वर्षों से निवास कर रहे कब्जाधारकों को उसके स्वामित्व में फ्रीहोल्ड कर पट्टा प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में श्री राजकुमार ठुकराल, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 08 जून, 2017 को दी गई सूचना पर आवास मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

26. जनपद हरिद्वार में कृषि अनुसंधान केन्द्र की स्थापना के सम्बन्ध में श्री सुरेश राठौर, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 08 जून, 2017 को दी गई सूचना पर कृषि मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

आज्ञा से,

(जगदीश चन्द्र)
सचिव।

देहरादून :
दिनांक : 11 जून, 2017

द्वितीय सत्र, 2017
का द्वितीय सोमवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा

## की कार्यसूची

### सोमवार, 22 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1939

### (दिनांक : 12 जून, 2017)

### नत्थी ''क''

### अल्पसूचित

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरीश धामी<br>31.05.2017 | ** क्या आबकारी मंत्री अवगत हैं कि सरकार की नयी आबकारी नीति से उत्पन्न स्थिति के कारण उत्तराखण्ड राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में अवैध शराब का कारोबार फल–फूल रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार अवैध शराब की तस्करी को रोकने एंव नयी आबकारी नीति पर पुर्नविचार कर रही है? यदि नही तो क्यों? | आबकारी |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>02.06.2017 | ** क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि प्रदेश के निजी क्षेत्र में संचालित अनेक विद्यालयों में संचालकों द्वारा प्रतिवर्ष अनावश्यक रूप से फीस में लगातार वृद्धि से अभिभावकों का शोषण किया जा रहा है, जिससे विवश होकर उन्हें धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है? क्या सरकार इन विवश अभिभावकों की समस्याओं के निराकरण के लिए एक प्रभावी राज्यव्यापी फीस निर्धारित नीति बनायेंगी? क्या इस सम्बन्ध में कोई नीति बनायी गई हैं? यदि नहीं तो इसके क्या कारण है और इसके लिए कौन दोषी है? क्या सरकार ऐसे दोषी अधिकारियों के विरूद्व कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो क्या और कब तक? यदि नही, तो क्यों? | शिक्षा |

# नत्थी ''ख''

# तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>27.04.2017 | **सप्तम सोमवार के तारांकित 04 में स्थानान्तरित**<br>*1. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिन बच्चों ने चर्म कला में निफ्ट नई दिल्ली या अन्य तकनीकी संस्थानों से डिप्लोमा तथा डिग्रीयां ली है? उनको चर्म उद्योग में सेवायोजित करने के लिए राज्य सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या? मंत्री जी यह भी बताऐगें कि सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की औद्योगिक इकाईयां उत्तराखण्ड में कितनी है? क्या सरकार ऐसे औद्योगिक इकाईयों की सूची सदन के पटल पर रखेगी? यदि हां तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्योग |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>27.04.2017 | **विस्तीर्णता एवं विभिन्न विभागों से संबंधित होने के आधार पर निरस्त**<br>*2. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रदेश में संविदा, आउट सोर्सिग, एन0एच0आर0एम0 (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) एवं अन्य अल्पकालिक नियुक्ति व्यवस्था में एससी, एसटी व ओबीसी के लिए सरकार ने विगत पॉच वर्षों में आउट सोर्सिग ऐजंसी के द्वारा उत्तराखण्ड में विभागीय मांग के अनुसार विभागवार एवं पदवार आरक्षण व्यवस्था की है? यदि हॉ, तो क्या? एससी, एसटी व ओबीसी की कुल कितनी नियुक्ति की गयी है? क्या सरकार ऐसी नियुक्तियों का विवरण उपलब्ध करायेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | कार्मिक |
| श्री संजय गुप्ता<br>28.04.2017 | *3. क्या चकबन्दी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चकबन्दी की प्रकिया क्या होती है? क्या मंत्री इस बात से भी अवगत है कि लक्सर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मख्याली कलाँ व जैनपुर खुर्द में वर्ष 2005 में बजट होने के बावजूद भी आज तक चकबन्दी का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है? क्या मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त ग्रामों की चकबन्दी का कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा तथा इसकी समय सीमा क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | चकबन्दी |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>02.05.2017 | **चतुर्थ शुक्रवार के तारांकित 02 में स्थानान्तरित**<br>*4. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में औद्यानिकी को आर्थिकी व रोजगार से जोड़ने हेतु सरकार कोई ठोस योजना व नीति बनायेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्योग |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>03.05.2017 | *5. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कुल कितने गांव/तोक विद्युत सुविधा विहीन है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेगें कि उक्त विद्युत सुविधा विहीन गांवों/तोकों का विद्युतीकरण कब तक किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>03.05.2017 | *6. | क्या कार्मिक मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभागों में अधिकारियों व कर्मचारियों के पारदर्शी स्थानान्तरण के लिए कोई ठोस पारदर्शी स्थानान्तरण नीति बनाने के लिए सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | कार्मिक |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>04.05.2017 | *7. | क्या वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चमोली जनपद में कुल कितनी लघु जल विद्युत परियोजनाऐं एवं घराटों की कुल कितनी लागत की कितनी स्वीकृतियां प्रदान की गयी है तथा कितनों में विद्युत उत्पादन चल रहा है, कितनों में नहीं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि चमोली जनपद के पोखरी विकास खण्ड के निगोल नदी में स्वीकृत परियोजनाओं पर उत्पादन प्रारम्भ हो गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | वैकल्पिक ऊर्जा |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>05.05.2017 | *8. | **केन्द्रीय विषय होने के आधार पर निरस्त**<br>क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उज्जवला योजना के अन्तर्गत सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में कुल कितने बी0पी0एल0 उज्जवला महिलाओं को गैस सिलेण्डर वितरित किये जाने है क्या मंत्री जी यह भी बतायेगें के जनपदवार कुल कितने लाभार्थियों को गैस सिलेण्डर वितरित कर दिये गये है? यदि नहीं, तो क्यों? | खाद्य् |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>05.05.2017 | *9. | क्या बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मानदेय बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो यह वृद्धि कब से लागू की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | बाल विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>09.05.2017 | *10. | क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं पूर्ववर्ती सरकार द्वारा झबरेड़ा क्षेत्र जिला हरिद्वार के मोलना, भलस्वागाज, बिन्डू–खडक, डाडली व महेशवरी स्थित गांवों की हजारों एकड़ कृषि भूमि को बंजर दर्शा कर वहां पर किसी कम्पनी ने सोलर प्लेटस स्थापित कर दी है ताकि उर्जा का उत्पादन हो सके? क्या मंत्री जी यह भी अवगत है कि यहां गन्ना व गेंहू का उत्पादन मुख्य रूप में होता है लेकिन कृषि भूमि को अवैध तरीके से आबादी भूमि दर्शाकर वहां पर सोलर प्लेटस स्थापित कर दी गई है? यदि हां, तो इस दिशा में सरकार क्या कार्यवाही कर रही है? | ऊर्जा |

श्री मनोज रावत
16.05.2017

**विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त** **नागरिक उड्यन**

*11. क्या नागरिक उड्यन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रूद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ हेतु उड़ान भरने हेतु संचालित हो रही हैलीकाप्टर कम्पनियों को राज्य सरकार के विभिन्न विभागों ने कौन–कौन अनापत्तियां या स्वीकृतियां प्रदान की है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री कम्पनियों को दी गयी स्वीकृतियों या अनापत्तियों को सदन के सम्मुख प्रस्तुत करेंगे? क्या कम्पनियों द्वारा उड़ान भरने हेतु निर्मित हैलीपैड व्यवसायिक भूमि में बनाये गये? यदि हॉ तो क्या मंत्री अभिलेख सदन के सम्मुख प्रस्तुत करेंगे? क्या कम्पनियां केदारनाथ में राजकीय हैलीपैडों उतरने के ऐवज में कोई शुल्क अदा करती है? यदि हां तो कितना? क्या राजस्व सरकार ने इन कम्पनियों को हैली सेवा संचालित करने हेतु कोई गाईड लाईन बनायी है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री इसे सदन के सम्मुख प्रस्तुत करेंगे? कम्पनियां हैली सेवा संचालित करने के ऐवज में राज्य को क्या राजस्व प्रदान करती है? क्या कम्पनियां ''कारपोरेंट सोशियल रिस्पोंसबिलटी'' के अन्तर्गत स्थानीय क्षेत्र में कोई धन खर्च करती है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री इसका विवरण सदन के सम्मुख प्रस्तुत करेंगे?

श्री हरभजन सिंह चीमा
18.05.2017

**राजस्व**

*12. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार प्रदेश में नये जिलों का गठन किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो क्या गठित किये जाने वाले जिलों में काशीपुर को जिला बनाया जाना प्रस्तावित है? यदि नहीं, तो क्यों?

श्री कुॅवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'
22.05.2017

**स्वास्थ्य**

*13. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रश्नकर्ता द्वारा उनको प्रेषित पत्रांक 709/मा0मु0मं0/15 दिनांक 30.08.2015 जिसमें प्रार्थी के विधान सभा क्षेत्र खानपुर स्थित ग्राम–भारूवाला, जनपद हरिद्वार में फैली भयानक जानलेवा बीमारी (हैपेटाइटिस्–सी0) से ग्रसित निर्धन ग्रामीणों की कठिनाई का संज्ञान सरकार को है? क्या सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन के माध्यम से जानलेवा महामारी की शक्ल ले चुके इस रोग के सापेक्ष कोई कार्यवाही की गई है? क्या सरकार द्वारा इस महामारी के संक्रमण की वजह को तलाश किया गया है? यदि हां, तो इस भयावह महामारी के संक्रमण को फैलाने के जिम्मेदार को चिन्हित कर इस अन्तराल में उनके विरूद्व क्या कार्यवाही की गयी? क्या जनहित में सरकार प्रश्नकर्ता द्वारा की गई मांग के अनुरूप भारूवाला ग्राम के रोग प्रभावित ग्रामीणों का ईलाज अपने खर्च पर करवाना सुनिश्चित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह<br>23.05.2017 | *14. | क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चारधाम यात्रा पर आये श्रद्धालुओं से हैली सेवा के निर्धारित किराये से अधिक धनराशि वसूल की जा रही है? यदि हां, तो उस पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गयी? यदि नहीं, तो क्यों? | नागरिक उड्डयन |
| श्री प्रीतम सिंह<br>23.05.2017 | *15. | क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के बैक–लॉग को भरने के लिए सरकार कोई कार्यवाही कर रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? क्या आउट सोर्सिग के माध्यम से भरे गये पदों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति को आरक्षण दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | कार्मिक |

## अतारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>26.04.2017 | 1. | क्या स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में जनपदवार क्षय रोगी कितने है? तथा इनमें से कितने एमडीआर की श्रेणी में आते है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इन दोनों श्रेणियों की सूची में जनपदवार अनुसूचित जाति के मरीज कितने है, और इनकी संख्या सर्वाधिक किस पी0एच0सी0 में है? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>26.04.2017 | 2. | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**<br>क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के सभी जनपदों में जब से उत्तराखण्ड राज्य बना, तक से अब तक तहसीलवार धारा 143 जमी.वि.अ. तथा धारा 157क जमी.वि.अ. के अन्तर्गत कितने मामले तहसीलवार दर्जकर निस्तारित किये गये? क्या यह सत्य है कि इन प्रकरणों में अनियमिताएं हुई है? यदि हॉ तो मामलों का स्थलीय सत्यापन के लिए एक प्रारूप बनाकर जॉच पड़ताल करायी जायेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>27.04.2017 | 3. | क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सभी निर्माण कार्यों की टेण्डर प्रक्रिया में अनुसूचित जाति के पंजीकृत ठेकेदारों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की जायेगी? यदि हां तो, किस प्रकार से? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण विभाग |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>28.04.2017 | 4. | **विस्तीर्णता एवं अनेक विभागों से संबंधित होने के आधार पर निरस्त**<br>क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 तथा इसमें हुए संशोधन 2015 के प्रावधानों के अन्तर्गत जनपदवार राजस्व तथा रेगुलर पुलिस के अन्तर्गत कितनी प्रथम सूचना रपट दर्ज हुई? कितने में अन्तिम रिपोट लगी, कितने में राजीनामा हुआ, कितने में अदालत में आरोप पत्र दाखिल किये गये और कितने प्रकरणों में पीड़ित व्यक्ति व परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी गयी तथा कितने मामले में अब तक संबंधित माननीय न्यायालयों में दोषियों को दोषमुक्त या दंण्डित किया गया? | राजस्व |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>29.04.2017 | 5. | क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जनपदवार कुल कितनी गायें बांझ है? और इस समस्या के निदान के लिए विभाग ने क्या प्रक्रिया अपनायी है? | पशुपालन |
| श्री सुरेश राठौर<br>29.04.2017 | 6. | क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार जनपद हरिद्वार के ज्वालापुर विधान सभा क्षेत्र की जनता की मांगों के अनुरूप बुग्गावाला को उप तहसील बनाये जाने के संबंध में विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | राजस्व |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>30.04.2017 | 7. क्या राजस्व मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत रूड़की से देवबन्द के बीच प्रस्तावित रेल परियोजना के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र झबरेडा के आस–पास राज्य सरकार द्वारा भूमि का अधिग्रहण किया गया था? यदि हां, तो क्या सरकार बताने का कष्ट करेगी कि भूमि अधिग्रहण के पश्चात मुआवजा भुगतान व कब्जा की क्या स्थिति है? | राजस्व |
| श्री चन्दन राम दास<br>01.05.2017 | 8. क्या सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दिनांक 26.09.2014 को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कई विभागों के अधिकारीगणों के साथ हिल्ट्रॉन एवं कुम्ट्रॉन को बन्दी (वाइन्ड अप) करने के निर्णय के संबंध में शासन स्तर पर कोई बैठक आहूत की गयी थी? यदि हां, तो उस बैठक में बिन्दुवार क्या–क्या निर्णय लिये गये थे? क्या वर्तमान तिथि तक उन सभी निर्णयों के अनुरूप कार्यवाही पूर्ण हो गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | सूचना प्रौद्योगिकी |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>02.05.2017 | 9. क्या कार्मिक मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में विभिन्न विभागों में दैनिक वेतन भोगी/संविदा/नियत वेतनमान तथा तदर्थ पर कार्यरत कर्मचारियों के विनियमितीकरण किये जाने पर विचार किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | कार्मिक |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>02.05.2017 | 10. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में पुलिस विभाग के कार्मिकों को अन्य राज्यों की भांति जोखिम भत्ता दिये जाने के लिए सरकार कोई ठोस योजना बनाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>02.05.2017 | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**<br>11. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विगत वर्ष 2012 से 28 फरवरी 2017 तक के कार्यकाल में मुख्यमंत्री राहत कोष तथा विवेकाधीन कोष से कितनी–कितनी धनराशि वितरित की गयी है? क्या सरकार इसका विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | मुख्यमंत्री कार्यालय |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>02.05.2017 | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**<br>12. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विगत वर्ष 2012 से 28 फरवरी 2017 तक प्रदेश के विभिन्न निगमों व समितियों में नामित करते हुए किन–किन व्यक्तियों को लालबत्तियॉ दी गयी थी? क्या सरकार बताने का कष्ट करेगी कि नामित व्यक्ति उक्त पदों हेतु न्यूनतम योग्यता रखते थे अथवा नहीं? क्या सरकार इसका विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | गोपन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br><br>03.05.2017 | 13. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में चौबीसों घण्टे कार्य करने वाली मित्र पुलिस कार्मिकों को अन्य राज्यों की भॉति सप्ताह में एक दिन का अवकाश दिये जाने पर सरकार द्वारा कोई विचार किया जा रहा है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br><br>04.05.2017 | 14. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में पैथलॉजी संबंधी जॉच के लिए पैथलोजिस्ट डाक्टर की अनिवार्यता निर्धारित कर दी गयी है? यदि हां, तो प्रदेश में कुल कितने पैथलोजिस्ट डाक्टर वर्तमान में कार्यरत है? क्या सरकार पैथलॉजी जांच में डाक्टरों की अनिवार्यता के कारण नये पैथलॉजी डाक्टरों की नियुक्ति करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? | स्वास्थ्य |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br><br>04.05.2017 | 15. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (डॅाटस)के अन्तर्गत विगत 10 वर्षों से संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों को पूर्व में निर्धारित मानदेय को किन कारणों से कम किया गया है? क्या मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार इनके मानदेय को बढ़ाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री देशराज कर्णवाल<br><br>04.05.2017 | **अस्पष्टता के आधार पर निरस्त**<br>16. क्या राजस्व मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि पर्वतीय जिलों से राजस्व विभाग व्यवस्था कब समाप्त की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br><br>05.05.2017 | 17. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में जनपद चमोली के बद्रीनाथ विधान सभा क्षेत्र में कितनी आबादी के कुल कितने गांवों को वर्तमान चरण में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से जोड़ने का प्रस्ताव है? यदि हां, तो उन सड़कों के नाम एवं जुड़ने वाले गांव कौन–कौन से है? | ग्राम्य विकास |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br><br>05.05.2017 | 18. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के पोखरी विकास खण्ड की पी0एम0जी0एस0वाई0 सड़क उडमोडा–पाट्यू–चोपडा मोटर मार्ग में कटिंग का कार्य पूर्ण कर दिया गया है? यदि हां, तो उक्त सड़क के डामरीकरण एवं सुधारीकरण का कुल कितने कि0मी0 पूर्ण कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br><br>08.05.2017 | 19. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के राजकीय पॉलिटेक्निक भवन के लिये धनराशि स्वीकृत करने पर सरकार विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>08.05.2017 | 20. | क्या सूचना मंत्री अवगत है कि झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के सलेमपुर में एक पत्रकार भवन की स्थापना किए जाने की आवश्यकता है ताकि स्थानीय मीडिया को अपने कार्य सम्पादित करने हेतु एक केन्द्र उपलब्ध हो सके, साथ ही बाहर से आने वाले पत्रकारों के ठहरने की भी व्यवस्था हो सके? यदि हां, तो क्या सरकार इस दिशा में कार्यवाही करेगी? | **सूचना** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>08.05.2017 | 21. | क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजस्व अनुभाग–13 लखनऊ दिनांक 29 फरवरी, 1996 को भूमि अध्याप्ति के फलस्वरूप विस्थापित हुए परिवारों को सुविधायें दिए जाने विषयक शासनादेश निर्गत हुआ था? क्या सरकार उक्त शासनादेश की प्रति उपलब्ध करायेगी और उक्त का अनुपालन उत्तराखण्ड राज्य में ऐसे मामलों में कराया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | **राजस्व** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>09.05.2017 | 22. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राष्ट्रीय राजमार्ग 134(94) धरासू–फूलचट्टी मोटर मार्ग पर प्रशासन के द्वारा फेडी, कल्याणी व ब्रहमखाल में वर्ष 2012 में मकानों का प्रतिकर किस दर पर भुगतान किया गया और तत्समय मकानों के प्रतिकर का सर्किल दर क्या थे? क्या काश्तकारों को प्रचलित दर के अनुसार भुगतान किया गया? यदि नहीं, तो क्या काश्तकारों को तत्समय प्रचलित/स्वीकृत दर के अनुसार मकानों के प्रतिकर का भुगतान किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>04.05.2017 | 23. | क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड जौनपुर अन्तर्गत ग्राम कोणा, रणोगी तथा तिमलियालगॉव लखवाड़ बॉध परियोजना के कारण पूर्ण विस्थापन की श्रेणी में आते है? क्या यह सत्य है कि ग्राम कोणा के तीन परिवारों के रिहायशी मकानों को पूर्ण विस्थापन की श्रेणी से छोड़ दिया गया है? क्या यह भी सत्य है कि व्यासी परियोजना के अन्तर्गत ग्राम ल्वारी के विस्थापितों के रिहायशी मकानों को भी पूर्ण विस्थापन की श्रेणी में रखा गया है? यदि हां, तो ग्राम कोणा के उक्त तीन परिवारों को भी पूर्ण विस्थापन की श्रेणी में माना जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>08.05.2017 | 24. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के स्वास्थ्य केन्द्र में एक्सरे मशीन एवं अल्ट्रासाउण्ड मशीन है? यदि हां, तो इनके संचालन के लिए टैक्नीशियन तैनात है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>08.05.2017 | 25. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के जिला मुख्यालय के अस्पताल में चिकित्सकों एवं लैब टैक्नीशियन के कुल कितने पद सृजित है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेगें कि स्वीकृत पदों के सापेक्ष सभी पदों पर तैनाती है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या सरकार जिला मुख्यालय के अस्पताल में अधिक्तम् पदों पर चकित्सकों एवं लैब टैक्नीशियनों की तैनाती हेतु विचार करेगी? यदि हां तो कब तक? | स्वास्थ्य |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>08.05.2017 | 26. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के मोहनखाल मोटर मार्ग से कनकचौरी से थालाबैंड के कुल कितने कि0मी0 मार्ग स्वीकृत है? यदि हां, तो उक्त मार्ग की वर्तमान प्रगति रिर्पोट क्या है? | लोक निर्माण |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>09.05.2017 | 27. क्या खनन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के बद्रीनाथ विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत पिछले पॉच वर्षों में कितने खनन एवं स्टोन क्रेशरों को स्वीकृति दी गयी? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार की नई मार्ग दर्शिका के अनुसार उक्त सभी स्टोन क्रेशरों एवं खनन पट्टा स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया है? यदि हां, तो कुल कितने मानकों के अनुरूप पाये गये? यदि नहीं, तो क्या सरकार स्थलीय निरीक्षण करने पर विचार कर रही है? | खनन |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>09.05.2017 | 28. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के बद्रीनाथ विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कुल कितनी सड़कों का डामरीकरण एवं सुधारीकरण का कार्य चल रहा है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करें कि तीन वर्ष पूर्व कुल कितनी सड़कों को डामरीकरण एवं सुधारीकरण के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गयी थी, परन्तु इन सड़कों का कार्य वर्तमान तक भी पूर्ण नहीं हो पाया है? क्या सरकार उन ठेकेदारों पर कार्यवाही करने हेतु विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>09.05.2017 | 29. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि जनपद चमोली के विकास खण्ड जोशीमठ के चांई गांव के लिए मारवाडी चांई मोटर मार्ग का निर्माण किस ऐजेन्सी द्वारा किया गया? यदि हां, तो उक्त मार्ग के डामरीकरण एवं सुधारीकरण न होने के क्या कारण है? क्या सरकार उक्त मार्ग के डामरीकरण हेतु विचार कर रही है? | **लोक निर्माण** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>11.05.2017 | **द्वितीय बुधवार के अतरांकित 10 में स्थानान्तरित**<br>30. क्या पशुपालन मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा कस्बे सहित एक भी स्थान पर कोई गऊशाला स्थापित नहीं है? क्या सरकार जनहित में गऊशाला की स्थापना करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पशुपालन** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>11.05.2017 | 31. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र जिला हरिद्वार के तमाम प्रमुख मार्ग बेहद जीर्ण–शीर्ण है तथा झबरेड़ा वाया लाठरदेवा–हूण होकर मंगलौर जाने वाला मार्ग, झबरेड़ा वाया झबरेड़ी, अकबरपुर, लाठरदेवा शेख, पनियाला, शिवपुरम होकर रूड़की जाने वाला मार्ग, नन्हेडा से सोहलपुर, माधोपुर होकर रूड़की जाने वाला मार्ग और इकबालपुर से खाताखेड़ी, कमेलपुर, सलेमपुर होकर रूड़की जाने वाला मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त है, और उक्त मार्गों पर किसी भी प्रकार के वाहन संचालित करना दुष्कर हो रहा है? क्या उपरोक्त में किसी एक मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव सरकार के अधीन लम्बित है? यदि हां तो, कब तक उक्त मार्गों का निर्माण कार्य किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11.05.2017 | 32. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पुलिस विभाग के द्वारा वर्ष 2015 में 142 दरोगा (महिला) पद के लिए विज्ञप्ति जारी की गई थी? क्या सीधी भर्ती तथा रैकंर्स के लिए मानकानुसार पदों का आवंटन किया गया था? यदि हां, तो कितने पद सीधी भर्ती से तथा कुल कितने पद रैंकर्स से चयन किये गये है? यदि नहीं, तो क्यों? | **गृह** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11.05.2017 | 33. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लखवाड़ बॉध परियोजना निर्माण के लिए रेता–बजरी और कंकरीट किन–किन स्थानों से आयेगा? क्या ऐसे स्थानों का चिन्हीकरण कर लिया गया है? यदि हां, तो वे स्थान कौन से है? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11.05.2017 | 34. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लखवाड़–व्यासी बॉध परियोजना के पूर्ण प्रभावित गांवों के परिवारों के लिए उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लि0 के द्वारा कार्यालय सहायक, लेखाकार तथा कनिष्ठ अभियंता आदि पदों पर भर्ती करने हेतु विज्ञप्ति जारी कर साक्षात्कार कराया जा चुका है? यदि हां, तो साक्षात्कार का परिणाम घोषित कर कब तक अभ्यर्थियों/प्रभावितों को नौकरी पर रखा जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11.05.2017 | 35. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड मुख्यालय थत्यूड़ (जौनपुर) में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र थत्यूड़ में राजभरा मेडिकेयर प्रा0लि0 के द्वारा क्षेत्र के 25 से अधिक महिला/पुरूषों को मानदेय पर नियुक्त किया गया था? क्या यह सत्य है कि इन सेवाकर्मियों का एक साल का मानदेय उक्त कम्पनी के द्वारा भुगतान नहीं किया गया है? क्या इन सेवाकर्मियों का लम्बित मानदेय का भुगतान करवाया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>12.05.2017 | 36. क्या सूचना मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा क्षेत्र के सलेमपुर में एक पत्रकार भवन की स्थापना की जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सूचना |
| काजी मौ0निजामुद्दीन<br>12.05.2017 | 37. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत है कि प्रदेश के शहरी क्षेत्रों के एन0आर0एच0एम0 के अन्तर्गत पी0पी0पी0मोड़ में चल रहे स्वास्थ्य सामुदायिक केन्द्र बन्द है? यदि हां, तो उक्त स्वास्थ्य सामुदायिक केन्द्रों को पुनः संचालित करने हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| काजी मौ0निजामुद्दीन<br>12.05.2017 | 38. क्या कारागार मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कितनी जेलें है एवं प्रत्येक जेल की क्रमशः कितने–कितने कैदी रखने की क्षमता है? क्या मंत्री जी यह भी बताऐंगे कि इस समय किस–किस जेल में कितने–कितने कैदी बन्द है एवं उनमें कितने पुरूष और कितनी महिलाऐं है? कितनी बन्दी महिलाओं के साथ उनके छोटे–छोटे बच्चे जेलों में बन्द है? | कारागार |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>15.05.2017 | 39. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के दशोली विकास खण्ड के मण्डल–कण्डई मोटर मार्ग के कि0मी0 2 में अवशेष पहाड़ कटान कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? क्या विभाग इसके मध्य मार्ग पर डामरीकरण एवं सुधारीकरण के कार्य को प्रारम्भ कर रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>15.05.2017 | 40. क्या चिकित्सा मंत्री अवगत है कि सम्पूर्ण झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र जिला हरिद्वार में कहीं भी कोई चिकित्सालय स्थित नहीं है? यदि हां, तो क्या सरकार झबरेड़ा क्षेत्र में चिकित्सालय का निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **चिकित्सा** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15.05.2017 | 41. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड जौनपुर के ग्राम पंचायत घण्डियाला के किरासू, कुटीयाना, सुरीपोकोल तथा गांव सरतली के डांडागांव तथा मदवाड़ी तोकों में विद्युत सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु ग्रामीणों द्वारा कई बार विभाग से अनुरोध किया गया है? क्या सरकार उपरोक्त गांवों के सभी तोकों में विद्युतीकरण करवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>16.05.2017 | 42. क्या बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के ग्राम–खेनूरी के अन्तगर्त खेनूरी–2 में आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निमार्ण करा दिया गया है? यदि हां, तो क्यों? | बाल विकास |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>16.05.2017 | 43. क्या स्वाथ्य मंत्री अवगत है कि जनपद चमोली का दशोली विकासखण्ड जिसकी अवादी 1400.00 से अधिक है और यहां पर ए.एन.एम. सेन्टर की मांग की जा रही है? यदि हां, तो ए.एन.एम. सेन्टर कब तक खोला जायेगा? यदि नहीं क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>16.05.2017 | 44. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकासखण्ड दशोली के चातोली किरूली ग्राम पचांयत में ए.एन.एम. सेन्टर की स्वीकृति प्रदान की गयी है? यदि हां, तो क्या सेन्टर ने कार्य प्रारम्भ कर दिया है? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>16.05.2017 | **द्वितीय गुरूवार के अतारांकित 18 में स्थानान्तरित**<br>45. क्या मुख्यमंत्री अवगत है कि क्या प्रान्तीय रक्षा दल (पीआरडी) के जवानों की सेवानिवृति आयु पचास वर्ष रखी गई है जबकि उत्तर प्रदेश में यह साठ वर्ष है क्या सरकार इसको संशोधित करेगी? यदि हां तो कब तक? यदि नही तो क्यों? | युवा कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरभजन सिहं चीमा<br>16.05.2017 | 46. क्या खाद्य मंत्री अवगत है कि प्रदेश में राज्य खाद्य योजना के अर्न्तगत सस्ता गल्ला वितरकों को चीनी पर 7.28 रू0 प्रति कुन्तल, खाद्यान पर 18 रू0 प्रति कुन्तल, मिडे डे मील पर 7रू0 प्रति कुन्तल किराए भाडे के रूप में भुगतान किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार सस्ता गल्ला विक्रेताओं के इस तथ्य से सहमत है कि वर्तमान में दी जा रही राशि से उनके परिवार का भरण पोषण नहीं हो पा रहा है और क्या सस्ता गल्ला विक्रेताओं के द्वारा किराए भाडे की वर्तमान राशि को बढाए जाने की मांग सरकार से की जा रही है? यदि हां, तो क्या सरकार राशन वितरकों के कमीशन एंव किराए भाड़े को केन्द्र सरकार की राष्ट्रीय खाद्य योजना के बराबर जो कि 145 रू0 प्रति कुन्तल है, किए जाने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? यदि हां, तो इसका शासनादेश कब तक जारी होगा? | **खाद्य्** |
| श्री हरभजन सिहं चीमा<br>16.05.2017 | 47. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत है कि काशीपुर स्थित सीतापुर नेत्र चिकित्सालय भवन काफी जीर्ण–क्षीर्ण अवस्था में है और इस भवन के जीर्णोद्वार का प्रस्ताव शासन में विचाराधीन है? यदि हां, तो सम्बन्धित भवन के जीर्णोद्वार हेतु शासन द्वारा धन स्वीकृत कर दिया गया है? यदि हां, तो कितना धन स्वीकृत किया गया है और भवन निर्माण का कार्य कब तक प्रारम्भ होगा? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>16.05.2017 | 48. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में कुल कितने गांव, तोक व मजरे विद्युत सुविधा से वंचित हैं? विद्युत सुविधा से वंचित गांव, तोकों व मजरों को कब तक विद्युत सुविधा से आच्छादित करवा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17.05.2017 | **मा0उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त**<br>49. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्रामीण ईलाकों स्वास्थ्य सेवा को मजबूती प्रदान करने का बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य उपकेन्द्रों पर फार्मासिस्टों की तैनाती करवायेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>17.05.2017 | 50. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के पोखरी लोक निर्माण विभाग के अतिथि विश्राम गृह के विस्तार की कोई योजना विभाग द्वारा बनायी गयी है? यदि हां, तो क्या विभाग इसका आंगणन शासन को प्रेषित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र भट्ट<br><br>17.05.2017 | चतुर्थ सोमवार के अतारांकित 24 में स्थानान्तरित<br>51. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड दशोली के प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गडोरा से ग्राम सभा चातोली किरूली के लिए कितने किलोमीटर मोटर मार्ग की स्वीकृति है? क्या उक्त मार्ग पर द्वितीय चरण का कार्य पूर्ण हो गया है तथा ग्रामीणों की नाप भूमि का मुआवजा भुगतान पूर्ण कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br><br>18.05.2017 | द्वितीय बुधवार के अतारांकित 12 में स्थानान्तरित<br>52. क्या स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री अवगत है कि प्रदेश में आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवाओं में जो परम्परागत वैद्य तथा समुदाय शताब्दियों से कार्य कर रहे है, उनका सर्वेक्षण विशेषकर सपेरा समुदाय के लोग सॉपों के काटने की दवाईयों और अन्य जड़ी बूटियों को जानते है इस समुदाय के इस विलक्षण गुण की पहिचान नहीं हो पायी है? यदि हॉ, तो क्या सरकार इसके सर्वेक्षण पहिचान के लिए कोई योजना बनायेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br><br>18.05.2017 | 53. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपदवार मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत कुल कितने लाभार्थियों के कार्ड बने है? क्या यह सत्य है कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना कार्ड से लाभार्थियों को सुविधा नहीं दी जा रही है अथवा बन्द कर दी गयी है? क्या सरकार बतायेगी कि ऐसे कार्ड धारकों को इस योजना का लाभ कब से दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मनोज रावत<br><br>17.05.2017 | 54. क्या प्रोटोकाल मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि 3 मई 2017 को भारत के प्रधानमंत्री का केदारनाथ दौरा निजी था या राजकीय? राज्य सरकार ने इस दौरे हेतु क्या–क्या व्यवस्थाऐं की थी? क्या इस दौरे में राज्य सरकार द्वारा अपनाये जाने वाले प्रोटोकाल, सामान्य शिष्टाचार और आगंतुक महानुभाव अतिथियों के आने निर्वहन की जा रही परम्पराओं को पालन हुआ था? | **प्रोटोकाल** |

# नत्थी –''ग''

## कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 09 जून, 2017 की बैठक में दिनांक 12 जून, 2017 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्न रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:–

जून, 2017

12 (सोमवार) विधायी कार्य:–

(1) उत्तराखण्ड राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) (संशोधन) विधेयक, 2017 का विचार एवं पारण। **(10 मिनट)**

(2) उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2017 का विचार एवं पारण। **(10 मिनट)**

सामान्य कार्य:–

(1) श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य, विधान सभा द्वारा निम्नलिखित नियम 105 की सूचना का प्रस्तुतीकरण:–

''गंगा नदी के जल की स्वच्छता अभियान की भांति प्रदेश की सभी नदियों का स्वच्छता अभियान स्वीकृत किया जाय, एवं नदियों में निरन्तर प्रवाह बनाये रखने के लिए नदियों को आपस में जोड़ा जाय।''

(2) श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य, विधान सभा द्वारा निम्नलिखित नियम 54 की सूचना का प्रस्तुतीकरण:–

''प्रदेश में विशेषतः उत्तर प्रदेश की भांति किसानों का ऋण माँफ कर दिया जाय।''

(शेष कार्य यथावत रहेगा)